दिनांकः 27.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की शासी परिषद की नौवीं बैठक जारी है। बैठक का विषय "विकसित भारत 2047" है, जिसका मुख्य फोकस भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। बैठक में विकसित भारत पर विजन डॉक्यूमेंट के दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा की जा रही है। बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार–विमर्श किया जा रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और सदस्य बैठक में भाग ले रहे हैं।

....

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की आज शाम नई दिल्ली में बैठक होगी। भाजपा मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। यह बैठक लोकसभा चुनाव और आम बजट पेश होने के बाद हो रही है। इस उच्च स्तरीय बैठक में सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

....

राज्य सरकार ने सेना के अग्निवीरों के लिए पुलिस, जेल प्रहरी और वन रक्षक की भर्ती में आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में इसकी घोषणा की।

....

श्री शर्मा ने कहा कि इस फैसले से अग्निवीरों को देश की सेवा के बाद प्रदेश में भी काम करने का अवसर मिलेगा।

....

जयपुर के जगदगुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र समारोह की अध्यक्षता कर रहे हैं। दीक्षांत समारोह में 12 स्वर्ण पदक, 27 पीएचडी उपाधियाँ सहित कुल 7 हजार 251 उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी।

....

राज्य विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में युवा संसद आयोजित की जा रही है। युवा ही स्पीकर, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और मंत्री की भूमिका निभा रहे हैं। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में विधायक के रूप में युवा सदन में बैठकर जनहित के प्रश्न पूछ रहे हैं। इस कार्यक्रम में 41 विद्यालयों के 181 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम से युवाओं को राजनीति का ज्ञान मिल सकेगा। कार्यक्रम में विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली भी मौजूद हैं।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो के मासिक कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल एप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डीडी न्यूज़, पीएमओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 8–8 सेंटीमीटर बारिश भीलवाड़ा के सहाड़ा और चित्तौडगढ में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सवाईमाधोपुर के बामनवास तथा धौलपुर के सैंपउ में 6–6 सेंटीमीटर, शाहपुरा, राजसमंद के आमेट, दौसा के महवा, बारां के

छबड़ा, धौलपुर के बसेड़ी, झालावाड़ के असनावर और उदयपुर के मावली में 5–5 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

....

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का आज स्थापना दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बल के कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बल का अटल समर्पण और निस्वार्थ सेवा सराहनीय है। इधर, जयपुर के नायला में इस अवसर कार्यक्रम रखा गया। इसमें सीआरपीएफ के राजस्थान सेक्टर के महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

....